# सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार भारत रत्न

भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार भारत रत्न है तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के द्वारा 2 जनवरी 1954 में इसकी शुरुआत की गई थी |

भारत रत्न पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने कला, विज्ञान, साहित्य, खेल तथा सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश का नाम रोशन किया हो |

डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन पहले व्यक्ति थे जिन्हें 1954 में यह पुरस्कार प्रदान किया गया | डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के साथ ही सी.वी. रमन और सी. राजगोपालाचारी को भी इस पुरस्कार से सम्मनित किया गया था|

प्रधानमंत्री के द्वारा ही भारत रत्न दिए जाने की सिफारिश राष्ट्रपति से की जाती है |

पहले भारत रत्न की डिजाइन में 35 मिलीमीटर गोलाकार स्वर्ण पदक था और उस पर फूल बना होता था जिसके ऊपर हिंदी में भारत रत्न लिखा होता था और नीचे की तरफ पुष्पहार तथा पृष्ठ भाग पर राष्ट्रीय चिन्ह और राष्ट्रीय वाक्य लिखा होता था|

वर्तमान समय में भारत रत्न तांबे से बना पीपल के पत्ते के आकार का होता है और बीच में प्लैटिनम का चमकता सूर्य बना होता है तथा इसके नीचे चांदी में भारत रत्न लिखा होता है इसके पीछे की तरफ राज्य का प्रतीक और राज्य का आदर्श वाक्य लिखा होता है और यह सफेद फीते के साथ पहना जाता है | प्रतिवर्ष 26 जनवरी को भारत के राष्ट्रपति के द्वारा यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है |

भारत रत्न प्राप्त करने वाले व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र और एक मेडल दिया जाता है भारत रत्न के अंतर्गत नगद राशि देने का कोई प्रावधान नहीं है|

**प्रत्येक वर्ष अधिकतम तीन व्यक्तियों को ही यह पुरस्कार प्रदान किया जा सकता है**, लेकिन यह आवश्यक नहीं है कि प्रत्तेक वर्ष यह पुरस्कार प्रदान किये ही जाये |

भारत रत्न प्रतिवर्ष 26 जनवरी को भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाता है |

## भारत रत्न से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य

- 1966 से पहले भारत में मरणोपरांत भारत रत्न देने की परंपरा नहीं थी लेकिन 1966 से मरणोपरांत भारत रत्न देने की परंपरा की शुरुआत हुई | मरणोपरांत भारत रत्न प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति **लाल बहादुर शास्त्री जी** थे |
- भारत रत्न प्राप्त करने वाली भारत की पहली महिला श्रीमती इंदिरा गांधी थी | उन्हें यह पुरस्कार वर्ष 1971 में मिला था |
- भारत रत्न पुरस्कारों को 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 यानी कि 3 वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया था |
- यह पुरस्कार केवल भारतीय नागरिकों को ही दिया जाएगा ऐसा कोई लिखित प्रावधान नहीं है **खान अब्दुल गफ्फार खान** पहले विदेशी नागरिक हैं जिन्हें 1987 में भारत रत्न प्रदान किया गया | 1990 में **नेल्सन मंडेला** को यह पुरस्कार दिया गया | ये भारत रत्न से सम्मानित होने वाले **प्रथम पूर्णतः विदेशी नागरिक** है | मदर टेरेसा को भी भारत रत्न से नवाजा गया है |
- एक मात्र भारत रत्न जो वापस ले लिया गया वह **सुभाषचंद्र बोस** को प्रदान किया गया था | उन्हें यह सम्मान 1992 में प्रदान किया गया लेकिन उनकी मृत्यु के संबंध में कुछ विवादों के कारण उनके नाम के आगे से मरणोपरांत हटा लिया गया |
- इस प्रकार से अभी तक भारत में कुल 11 व्यक्तियों को ही मरणोपरांत भारत रत्न दिया गया है |
- डीके कर्वे सबसे अधिक उम्र (100 वर्ष) के व्यक्ति हैं जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया| उन्हें यह पुरस्कार 1957 में प्रदान किया गया था |
- सचिन तेंदुलकर एकमात्र सबसे कम उम्र (40 वर्ष) के व्यक्ति हैं, जिन्हें 2014 में यह पुरस्कार प्रदान किया गया था |

- गोविन्द बल्लभ पंत एकमात्र ऐसे भारतीय नेता है जिन्हें संघीय गृह मंत्री के पद पर रहते हुए वर्ष 1957 में भारत रत्न से नवाजा गया |
- एम.एस. सुब्बालक्ष्मी प्रथम संगीतकार है जिन्हें वर्ष 1998 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया|
- वर्ष 2014 तक भारत रत्न को खेल जगत से नहीं जोड़ा गया था, 2014 में ही प्रथम बार खेल जगत के व्यक्तित्व **सचिन तेंदुलकर** को यह रत्न प्रदान किया गया और खेल जगत से ये पुरस्कार प्राप्त करने वाले वे एकमात्र व्यक्ति है | सचिन तेंदुलकर के साथ ही वैज्ञानिक सी.एन.आर.राव को भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया |
- नवीनतम सूची की घोषणा 25 जनवरी 2019 को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की गयी | नवीनतम सूची के अनुसार भारत रत्न प्राप्त करता व्यक्तियों में **प्रणब मुखर्जी, नानाजी देशमुख और भूपेन हजारीका** है| उन्हें यह पुरस्कार राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा प्रदान किया गया | यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले ये क्रमशः 46, 47 और 48वें नंबर के व्यक्ति है | **भूपेन हजारिका और नाना जी देशमुख को यह पुरस्कार मरणोपरांत प्राप्त हुआ है |**
- 2011 से पहले यह पुरस्कार कला, विज्ञान, साहित्य, खेल तथा सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में ही दिए जाते थे लेकिन 2011 के बाद हुए संशोधनों के आधार पर भारत रत्न प्रदान करने के लिए कोई विशेष क्षेत्र निर्धारित नहीं किया गया है |
- भारत रत्न पुरस्कारों को **कोलकाता के अलीपुर टकसाल** में बनाया जाता है |
- अब तक कुल **48 व्यक्तियों** को भारत रत्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है |

## भारत रत्न प्राप्त करता व्यक्ति को मिलने वाली सुविधाएं

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति अपने नाम के आगे या पीछे भारत रत्न का प्रयोग नहीं कर सकते हैं लेकिन वह अपने लेटर हेड बायोडाटा विजिटिंग कार्ड जैसे प्रपत्रों पर भारत रत्न पुरस्कार प्राप्तकर्ता लिख सकते हैं|
- भारत रत्न प्राप्त करता व्यक्ति को प्रोटोकॉल में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा स्पीकर, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, और संसद के दोनों सदनों के विपक्ष के नेता के बाद जगह मिलती है |
- भारत रत्न प्राप्त करता व्यक्ति को कैबिनेट मंत्री के समान वीआईपी का दर्जा मिलता है |
- संसद की बैठकों और सत्रों में वे भाग ले सकते हैं |
- उन्हें इनकम टैक्स न भरने की छूट होती है |
- उन्हें बसों, ट्रेनों और हवाई जहाजों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा प्राप्त होती है |
- स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों सहित सभी महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के रुप में भाग ले सकते हैं|
- अगर ये किसी राज्य में घूमने जाएं तो उन्हें वहां राज्य अतिथि का दर्जा मिलता है |
- भारत रत्न से सम्मानित व्यक्तियों को सरकार वॉरंट ऑफ प्रिसिडेंस में जगह देती है | इसका प्रयोग सरकारी कार्यक्रमों में वरीयता क्रम निर्धारित करने के लिए किया जाता है|

## भारत रत्न प्राप्तकर्ता व्यक्तियों की सूची

| **क्रमांक** | **विजेताओं का नाम** | **साल** |
|---|---|---|
| 01 | सर्वपल्ली राधाकृष्णन | 1954 |
| 02 | चक्रवर्ती राजगोपालाचारी | 1954 |
| 03 | सी वी रमन | 1954 |
| 04 | भगवान दासो | 1955 |
| 05 | एम. विश्वेश्वरय्या | 1955 |

| | | |
|---|---|---|
| 06 | जवाहर लाल नेहरू | 1955 |
| 07 | गोविंद बल्लभ पंत | 1957 |
| 08 | धोंडो केशव कर्वे | 1958 |
| 09 | बिधान चंद्र रॉय | 1961 |
| 10 | पुरुषोत्तम दास टंडन | 1961 |
| 11 | राजेन्द्र प्रसाद | 1962 |
| 12 | जाकिर हुसैन | 1963 |
| 13 | पांडुरंग वामन काने | 1963 |
| 14 | लाल बहादुर शास्त्री | 1966 |
| 15 | इंदिरा गांधी | 1971 |
| 16 | वी.वी. गिरि | 1975 |
| 17 | के. कामराजी | 1976 |
| 18 | मदर टेरेसा | 1980 |
| 19 | विनोबा भावे | 1983 |
| 20 | अब्दुल गफ्फार खान | 1987 |
| 21 | एमजी रामचंद्रन | 1988 |
| 22 | बीआर अम्बेडकर | 1990 |
| 23 | नेल्सन मंडेला | 1990 |
| 24 | राजीव गांधी | 1991 |
| 25 | वल्लभभाई पटेल | 1991 |
| 26 | मोरारजी देसाई | 1991 |
| 27 | अबुल कलाम आज़ादी | 1992 |
| 28 | जेआरडी टाटा | 1992 |
| 29 | सत्यजीत रे | 1992 |
| 30 | गुलजारीलाल नंद | 1997 |
| 31 | अरुणा आसफ अली | 1997 |
| 32 | ए पी जे अब्दुल कलाम | 1997 |
| 33 | एमएस सुब्बुलक्ष्मी | 1998 |
| 34 | चिदंबरम सुब्रमण्यम | 1998 |
| 35 | जयप्रकाश नारायण | 1999 |
| 36 | अमर्त्य सेन | 1999 |
| 37 | गोपीनाथ बोरदोलोई | 1999 |
| 38 | रवि शंकर | 1999 |
| 39 | लता मंगेशकरी | 2001 |
| 40 | बिस्मिल्लाह खान | 2001 |
| 41 | भीमसेन जोशी | 2009 |
| 42 | सीएनआर राव | 2014 |
| 43 | सचिन तेंडुलकर | 2014 |
| 44 | मदन मोहन मालवीय | 2015 |
| 45 | अटल बिहारी वाजपेयी | 2015 |
| 46 | प्रणब मुखर्जी | 2019 |
| 47 | नानाजी देशमुख | 2019 |
| 48 | भूपेन हजारिका | 2019 |